# आयुक्त ने पाइप लाईन शिफ्टिंग एवं पार्किग के कार्यो का किया अवलोकन

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जुनवानी रोड स्थित कोसानाला पुलिया के पास पाइप लाईन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। पाइप लाईन शिफ्टिंग के कार्य अतिशीध्र पूर्ण कराने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं उपस्थित सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए। विगत कुछ दिन पहले भारी बारिश के कारण कोसा नाला सप्लाई पाइप लाइन बैंड हो गया है, जिसका संधारण कार्य कराया जाना है जायजा लेते हुए आयुक्त ने तत्काल पाइप लाईन ठीक कराने  निर्देशित किए हैं। आकाश गंगा सब्जी मंडी पार्किंग स्थल में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका अवलोकन करते हुए आयुक्त ने गुणवत्ता युक्त कार्य कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किये स पार्किग निर्माण से आकाशगंगा शॉपिंग काम्पलेक्स में आने-जाने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम स्थित गुलमोहर उद्यान में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अनुशंसा अनुसार विधायक निधि से कार्य होना प्रस्तावित है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। समिति से चर्चा अनुसार आवश्यक कार्यो को प्राक्कलन में शामिल करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर को दिए। टेनिस ग्राउण्ड एवं उद्यान में साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखते हुए ग्रास कटिंग हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, उप अभियंता बसंत साहू उपस्थित रहे।

